राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय,

छाण, तहसील वजीरपुर, जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

Contact No:- +91 9828775455,9414360648 E-mail:- bragrschhanswm@gmail.com

क्रमांकः– डॉ.भीअराबाआवि/छाण/742 दिनांकः– 11 /10 /2018

## खुली निविदा सूचना– 03/2018.19 ( Short term Open Tender 03/2018-19 )

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा Rajasthan Transparency in Public Procurement Act 2012 तथा Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules 2013 के तहत *डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला सवाई माधोपुर* में जॉब बेसिस कार्य हेतु नबम्बर 2018 से 31 मार्च 2019 तक के लिये निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| क्र स | जॉब कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित वार्षिक लागत | बोली प्रतिभूति राशि | निविदा का प्रकार | निविदा फार्म शुल्क | फार्म प्राप्त करने की दिनांक व समय | डी0डी0 व फार्म जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रिशियन, मैस कर्मी (हेड कुक, कुक) स्वीपर, बागवान, जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराने बावत् | 8लाख रू | 16000 रू | ऑफलाइन खुली निविदा | 500/– रू | 11.10.2018 दोपहर 2 बजे से | 22.10.2018 दोपहर 04.30 बजे तक | 23.10.2018 दोपहर 2 बजे |

अल्पकालीन बोली के दस्तावेज मय शर्ते sjerajasthan.gov.in व www.sppp.gov. rajasthan.in पर उपलब्ध है। तकनीकी अल्पकालीन बोली उन्ही बोलीदाताओं की खोली जायेगी जिनके द्वारा तय दिनांक तक बोली शुल्क राशि बोली प्रतिभूति राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि प्रधानाचार्य, *डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला सवाई माधोपुर* के नाम इस कार्यालय को प्राप्त हो गये होंगे। अधोहस्ताक्षरकर्ता व निविदा समिति को निविदा प्रक्रिया रद्द करने का अधिकार होगा। तकनीकी अल्पकालीन बोली खोलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर अगले कार्य दिवस को बोली खोली जावेगी।

क्रमांक 742.

प्रधानाचार्य
डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय
विद्यालय छाण,तहसील वजीरपुर, सवाई माधोपुर

**UBN NO.**

**SOC1819SSOB00158**

राजस्थान सरकार

**कार्यालय –प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला– सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

Contact No:- +91 9828775455,9414360648 E-mail:- bragrschhanswm@gmail.com

**आवासीय विद्यालय में इलेक्टिशियन, मैस कर्मी (हेड कुक, कुक) स्वीपर, एवं बागवान, जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराने हेतुः.**

## निविदा प्रपत्र "क"

(तकनीकी निविदा प्रपत्र)

निविदा सूचना संख्याः- 03/2018-19
निविदा विक्रय की अन्तिम दिनांक 22.10.2018 दोपहर 2 बजे तक
निविदा प्राप्ति की अन्तिम दिनांक 22.10.2018 दोपहर 04.30 बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक 23.10.2018 दोपहर 2 बजे
निविदा प्रपत्र का मूल्य 500/- प्रतिफार्म नकद रसीद सं.......................................दिनांक.............................

1. रजिस्टर्ड सेवा प्रदाता संस्था/फर्म का नाम ''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''
2. संस्था का प्रकार(NGO,Placement, Agency,Firm ''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''
3. अध्यक्ष का नाम ''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''
4. स्थाई पता ''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''''
   टेलिफोन नं
   1 कार्यालय................................ 2 निवास.............................................
   3 मोबाईल नं..............................
5. फर्म का बैंक खाता संख्या आईएफएससी कोड सहित..........................................................................
6. पेन नं ..........................................................................
7. Gst No. ..........................................................................
8. अमानत राशि डीडी बैकर्स चैक न............................ दिनांक............... राशि ................
   बैक का नाम व शाखा ..........................................................................
   ..........................................................................पर देय।

9 विभाग से पत्र व्यवहार करने हेतु ..........................................................................
हस्ताक्षर करने के लिये अधिकृत ..........................................................................
व्यक्ति का नाम मय पूरा पता ..........................................................................

10 E.S.I. में पंजीयन नं ..........................................................................

11 कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय मे पंजीयन ..........................................................................

12 राजस्थान अनुबंधित श्रमिक नियमन एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 में पंजीयन न ....................................

13 राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या
इडियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 या इडियन कंपनी एक्ट1956,2013 के अन्तर्गत पंजीयन नं...................................

उपरोक्त तकनीकी निविदा में निम्न प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजो की प्रतियां संलग्न नही होने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जावेंगी।

**हस्ताक्षर निविदादाता मय सील**

**नोटः–** तकनीकी निविदा जो अलग सीलबंद लिफाफें में होगी पर स्पष्ट तकनीकी निविदा अंकित हो व वित्तीय निविदा जो एक अलग सीलबंद लिफाफें में होगी पर स्पष्ट वित्तीय निविदा अंकित हो। दोनो लिफाफों को एक बडे लिफाफे में जिस पर मानव संसाधन हेतु निविदा स्पष्ट अंकित हो व फर्म का नाम भी स्पष्ट लिखित हो को सीलबंद कर प्रस्तुत करना होगा । दोनो निविदाऐं एक साथ एक लिफाफे में होने पर निविदा स्वीकार नही की जावेगी।

डीडी व पत्र भेजने का पताः प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर पिन कोड 322219

निविदा सूचना संदर्भः 03/2018-19

**<u>तकनीकी निविदा में निम्न प्रमाण पत्रो/दस्तावेजो की प्रतियां (आवश्यक रूप में) संलग्न करे।</u>**

1. निविदा का अनुमानित व्यय लगभग 8 लाख रूपये वार्षिक होगा। इसकी अमानत राशि 2 प्रतिशत 16000 रू. का डी.डी. प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण (सवाई माधोपुर) के नाम से बनवाकर संलग्न किया जावे इसके अभाव मे निविदा पर विचार नही किया जावेगा। नगद राशि किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. सेवा प्रदाता संस्था का श्रम विभाग मे पंजीकृत होने संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति।
3. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक नियमन एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 मे पंजीकृत होने संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति।
4. राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इडियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 या इडियन कंपनी एक्ट 1956,2013 के अन्तर्गत पंजीयन की प्रति।
5. पेन नं. की प्रति एवं विगत वर्ष का आयकर रिटर्न।
6. जीएसटी GST नं. की प्रति एवं अंतिम कर चुकता प्रमाण पत्र।
7. संस्था का मेन पावर उपलब्ध करने के कार्य का अनुभव प्रमाण– पत्र।
8. स्वंय के लेटर–हैड पर कही ब्लैकलिस्टेड नही होने का स्व घोषणा पत्र।
9. राजकीय संस्थान में अनुभव वाली संस्था को प्राथमिक अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर दी जावेगी।
10. कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय मे पंजीयन की प्रति।
11. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 में पंजीयन की प्रति।
12. अंतिम वित्तीय वर्ष की बैलेंस शीट सी.ए.से प्रमाणित 2017–18 (न्यूनतम वार्षिक टर्न ओवर 10.00 लाख रूपये हो)
13. पुलिस द्वारा सत्यापित संस्था के मालिका का आपराधिक रिकार्ड नही हो का चरित्र सत्यापन रिपोर्ट (चरित्र सत्यापन रिपोर्ट दो वर्ष से पुराना नही हो।)

निविदादाता के हस्ताक्षर मय संस्था सील
पूरा नाम ..............................................
डाक का पता ..............................................
..............................................
..............................................

राजस्थान सरकार

**कार्यालय – प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला– सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

–: आवासीय विद्यालय में इलेक्ट्रीशियन, मैसकर्मी (हैड कुक व कुक), स्वीपर एवं बागवान के जॉब बेसिस कार्य (मानव संसाधन) उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निविदा शर्तेः–

## आवश्यक निविदा शर्तेः–

| | |
|---|---|
| 1. | कार्यालय द्वारा जारी किये गये निविदा प्रपत्र पर ही निविदा स्वीकार की जायेगी निविदा दो बिड सिस्टम पर आधारित है। उक्त निविदा प्रपत्र ''क'' में तकनीकी निविदा जो अलग लिफाफें में होगी व वित्तीय निविदा जो अलग लिफाफें में होगी दोनो लिफाफों को एक बडे लिफाफे में सील कर प्रस्तुत करना होगा। प्रथमतः तकनीकी बिड वाला लिफाफा खोला जावेगा तकनीकी बिड में सफल निविदादाता की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी। निविदा की अनुमानित लागत रूपये 8 लाख की 2 प्रतिशत राशि रूपये (16000 रू) के डीडी की मूल प्रति सील बन्ध लिफाफे में कार्यालय के पते पर – **प्रधानाचार्य डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय, छाण वजीरपुर सवाई माधोपुर पिन कोड 322219** के नाम प्रेषित करना होगा जो **प्रधानाचार्य डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय, छाण वजीरपुर सवाई माधोपुर** के नाम से बना हो । सफल निविदादाता को 5 प्रतिशत प्रतिभूति निक्षेप राशि का डीडी अनुबन्ध से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। सफल निविदादाता के द्वारा निविदा में प्रस्तुत 2 प्रतिशत अमानत राशि का प्रतिभूति राशि में समायोजन कर लिया जायेगा, शेष 3 प्रतिशत प्रतिभूति राशि का डीडी अनुबन्ध से पूर्व जमा कराना होगा। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरो में '' आवासीय विद्यालय में जॉब बेसिस कार्य सेवाएं (मानव संसाधन) उपलब्ध कराने हेतु निविदा'' अंकित करें। |
| 2. | रजिस्टर्ड सेवा प्रदाता संस्था/एनजीओ द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर किये जावें। |
| 3. | आवासीय विद्यालय के डिलीवरी पॉइन्ट के सम्पूर्ण कार्यो को सम्पादित करवाने हेतु श्रम विभाग राजस्थान सरकार से नियमानुसार रजिस्टर्ड एवं मान्यता प्राप्त उन संस्थाओ के द्वारा ही बोली भरकर दी जानी चाहिए जिन्हे किसी उच्च संस्थान/होटल/हॉस्पीटल/बैंक में उक्त कार्यो का दक्षतापूर्वक अनुभव हों। |
| 4. | निविदादाता को इसी निविदा प्रपत्र के पेज नं0 2 पर अंकित सभी दस्तावेजों की की छाया प्रतियॉ स्व प्रमाणित संलग्न करनी होगी । |
| 5. | निविदा प्रपत्र में दरो का इन्द्राज वित्तीय निविदा प्रपत्र में अंको के साथ –साथ शब्दो में भी किया जावे । दरों में किसी भी प्रकार की कटिंग /ओवर राईटिंग मान्य नहीं है। दरो का उल्लेख स्पष्ट एवं पठनीय दशा में नही होने पर उस निविदा को प्रकिया से बाहर कर दिया जायेगा। निविदा में दी गई दरें किसी भी परिस्थिति में बदली नहीं जावेगी । |

**हस्ताक्षर निविदादाता मय सील**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | निविदादाता प्रपत्र भरने से पर्वू डिलीवरी पॉइन्ट के कार्यो का विरण निम्नानुसार है:– | |
| | I | **इलेक्ट्रीशियन का कार्य :–** विद्यालय के सम्पूर्ण परिसर की बिजली व्यवस्था ठीक करना, समय समय पर पानी की मोटर चलाकर पानी लिफ्ट करना एंव बोरबैल की सबमर्सिबल मोटर आवश्यकतानुसार चलाना तथा पानी लीकेज होने पर पाईप लाईन की मरम्मत का भी कार्य करना होगा । इलेक्ट्रिक प्रशिक्षण संस्थान की डिग्री /प्रशिक्षित होना आवश्यक है कर्मचारी नीले रंग की वर्दी में तथा गले में Id card पहनना होगा। |
| | II | **स्वीपर के कार्य :–** विद्यालय के सम्पूर्ण परिसर यथा–छात्रावास, विद्यालय , मैस की साफ –सफाई , धुलाई पोंछा, बाथरूम एंव शौचालयों की सफाई, बरामदों, गैलेरियो, खिड़की, दरवाजो एंव परिसर की उपरी छत विद्यालय के बाहर के मैदानों (चार दिवारी के अन्दर)एंव नये निर्मित होने वाले भवनो की सफाई करनी होगी, मल –मूल आदि की धुलाई करके सफाई करनी होगी, छात्रावास के बाहर चारो ओर की गंदगी की सफाई रोजाना करनी होगी, डस्टबिन रोजाना खाली करनी होगी तथा सीवर लाईन के चेम्बर चौक हो जाने पर चौक लाईन को चालू (ठीक)करनी होगी सफाई कर्मी एंव रंग की वर्दी में उपस्थित होने चाहिए वर्दी पर सफाई कर्मचारी का नाम अंकित किया जाना होगा । |
| | III | **मैसकर्मी (हैड कुक एंव कुक) का कार्य :–** विद्यालय के मैस में 40 छात्राओ पर एक के अनुपात में कुक लगाये जायेगें । इनके कार्यो में विभागीय मीनू के अनुसार छात्राओ को नाश्ता एंव भोजन तैयार कर समय पर परोसना, मैस एंव मैस रसोई के बर्तनो की सफॉई करना एंव मीनू अनुसार स्पेशल डाईट भी तैयार करनी होगी तथा सभी मैस कर्मियो को निर्धारित वर्दी एंव आई.डी. के साथ ही मैस में आना होगा । |
| | IV | **बागवानी कार्य :–** विद्यालय परिसर में लगे पेड़ पौधो में निरन्तर पानी देना, कटाई छंटाई करना, परिसर में पड़ी खाली जगह में नये पैड पौधे, लगाना, खेल के मैदानो एंव अन्य खाली जगहो पर उगने वाली घास, कटीली, झाडियो आदि को साफ कर परिसर को साफ– सुथरा रखना, खाली जगहो में उगे हुए अव्यवस्थित कांटेदार व टूटे हुए पेडो को हटाकर उनकी जगह व्यवस्थित रूप से नये पेड पौधे लगाना, परिसर को समतल बनाना एंव बरामदो में गमलो में पैड पौधे लगाना एंव उनकी देखभाल करना आदि। बागवानी के कार्य मय उपकरण करने होगें । साथ ही डयूटी समय में आवश्यकतानुसार अन्य लेवर कार्य भी कराया जा सकता है । जिसका अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा । |
| 7 | बोली स्वीकृत होने की स्थिति में 7 दिवस में सफल निविदा दाता को निर्धारित प्रपत्र में स्वंय के खर्चे पर 1000/रूपये मूल्य के गैर न्यायिक स्टाम्प पर एक अनुबन्ध भरना होगा जिसकी मूल प्रति नि–शुल्क कार्यालय आवासीय विद्यालय छाण को देनी होगी । जॉब बेसिस की शर्तो एंव नियमो को भली प्रकार से निभाने के लिए कुल निविदा राशि की 5 प्रतिशत राशि सिक्यूरिटी डिपोजिट के रूप में जमा करानी होगी । जो बैंक ड्राफ्ट / बैकर्स चैक द्वारा जमा कराई जा सकती है । इस जमा पर कोई ब्याज देय नहीं होगा । पूर्व में 2 प्रतिशत जमा अमानत राशि इसमें समायोजित कर ली जावेगी । | |
| 8 | निविदादाता यदि निविदा खुलने के बाद परन्तु अनुमोदन/स्वीकृति से पूर्व अपनी दरो में परिवर्तन करें, या निविदा वापस लेने या जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओ का अनुबन्ध समय पर नहीं करे या समय पर सम्पादन सिक्यूरिटी राशि जमा नहीं करावे या समय पर सेवायें उपलब्ध नहीं करावे या अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करें, तो निविदा निरस्त कर अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी एंव नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी । | |

**हस्ताक्षर निविदादाता मय सील**

| | |
|---|---|
| 9 | सफल निविदादाता अपने जॉब बेसिस कार्यो या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य संस्था /व्यक्ति /एजेन्सी को नहीं सौपेगा और ना ही उप बेचान करेगा । |
| 10 | संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 जमा कराना होगा जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदन द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिको के ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बधित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा। |
| 11 | संवेदक द्वारा श्रमिक को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करों को जमा करवाने की जिम्मेदारी संबन्धित फर्म की होगी। संवेदन द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह में जमा कराये गये GST की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बधित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने व श्रमिको को उनके बैक खाते में राशि जमा कराये जाने का प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा। |
| 12 | श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमो उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा समय समय पर जारी किये गये दिशा निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संबन्धित फर्म स्वंय उत्तरदायी होगी। |
| 13 | सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये दिशा निर्देशों आदि की पालना करनी होगी। |
| 14 | श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय समय पर वृद्धि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा। |
| 15 | सफल निविदादाता द्वारा अपने जॉब बेसिस कार्य प्रतिदिन निर्धारित समयानुसार करने होगें एंव कार्य नहीं करने पर निविदा की अनुमोदित दरो के अनुपात में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से कटौती की जावेगी जो शास्ति की श्रेणी में नही आवेगी । |
| 16 | न्यूनतम बोली स्वीकार करने के लिए यह कार्यालय बाध्य नहीं होगा तथा राज्य हित में क्रय समिति को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी बोली को बिना कारण बताये निरस्त कर सकेगी । |
| 17 | यदि सफल निविदादाता जॉब बेसिस कार्य अनुभव अवधि के बीच में ही छोड़कर चला जाता है अथवा निर्धारित अवधि तक अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्य नही करता है तो ऐसी दशा में प्रधानाचार्य आवासीय विद्यालय छाण को निविदादाता की जोखिम एवं लागत (Risk and cost) पर इन कार्यो की व्यवस्था की अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करवाने का अधिकार होगा एवं उसकी वसूली सम्बन्धित निविदादाता से की जावेगी। |
| 18. | सफल निविदादाता द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को कार्यो के लिए नही भेजा जावेगा और ना ही शराबी, अन्य नशे आदि अथवा आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त व्यक्ति को जॉब बेसिस कार्यो के लिए भेजा जावेगा। यदि किसी भी भेजे जाने वाले श्रमिक द्वारा आपराधिक कृत्य किया जाता है तो उससे होने वाले प्रत्येक दायित्व के लिए सम्बन्धित निविदादाता पूर्ण उत्तरदायी होगा। निविदादाता द्वारा भेजें जाने वाले व्यक्तियों के वयस्क होने का सबूत उसके उस परिचय पत्र में दर्शाना होगा जो प्रतिदिन ड्यूटी पर वर्दी के साथ पहनकर अनिवार्य रूप से आयेगा। |
| 19. | सफल निविदादाता को जॉब बेसिस कार्यो के मासिक बिलों को भुगतान फर्म के खाते में ई.सी.एस. से कराया जावेगा और भुगतान में देरी होने पर किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा। भुगतान के अभाव में जॉब बेसिस कार्य रोकना, किसी प्रकार की बाधा/व्यवधान मान्य नही होगा। ऐसा करने पर विद्यालय सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। |
| 20. | किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में क्रय समिति का निर्णय अन्तिम होगा जो सभी पक्षों को मान्य होगा। कानूनी विवाद का न्याय क्षेत्र गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान) होगा। |

**हस्ताक्षर निविदादाता मय सील**

| | |
|---|---|
| 21 | सफल निविदादाता को जॉब बेसिस कार्यो की अवधि दिनांक 31.03.2019 को समाप्त होने अथवा आगामी जॉब बेसिस कार्यो की प्रक्रिया पूर्ण होने तक अनुमोदित दर से कार्य जारी रखने होंगे। तथापि कार्य संतोषजनक होने पर आपसी सहमति से अनुबन्ध की अवधि नियमानुसार आगे बढाई जा सकेगी। |
| 22. | कार्यालय द्वारा सफल निविदादाता को जॉब बेसिस कार्यो के भुगतान की तिथि से उनके श्रमिको के भुगतान का कोई सम्बन्ध नही होगा। श्रम अधिनियम के प्रावधानो की पालना नही होने पर उनके विरूद्ध श्रमिक द्वारा श्रम न्यायालय मे वाद प्रस्तुत करने की स्थिति में सफल निविदादाता स्वंय के खर्चे से वाद का निस्तारण करायेगा। यदि अनुबन्ध अवधि में लगाये गये श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना घटित हो तो उससे होने वाले प्रत्येक दायित्व के लिए सफल निविदादाता पूर्ण जिम्मेदार होगा। इस कार्यालय की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई जिम्मेदारी नही होगा। |
| 23. | जॉब बेसिस कार्यो हेतु भेजे जाने वाले सफल निविदादाता के ही श्रमिक कहलायेंगे तथा उनके पारिश्रमिक के भुगतान के लिए सफल निविदादाता ही पूर्ण उत्तरदायी होगा एवं उसके भेजे जाने वाले श्रमिकों के बीच भुगतान के विवाद के लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। |
| 24. | अन्य शर्ते सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार मान्य होगा। |
| 25. | जॉब बेसिस कार्य पूर्णतया अस्थायी तौर पर रहेंगे तथा निश्चित शर्तो के अनुसार कार्य नही होने पर पुनः विचार कर कार्य अवधि को घटाने/बढाने का अधिकार क्रय समिति को होगा। |
| 26. | जॉब बेसिस कार्यो का निविदा प्रपत्र भली प्रकार से पूर्ण रूप से भरकर प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर एवं फर्म की मोहर अंकित करके लिफाफे को दिनांक 22.10.2018 को 04.30 बजे तक स्थानीय कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिये । प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष क्रय समिति द्वारा दिनांक 23.10.2018 को दोपहर 02.00 बजे खोली जावेगी। |
| 27. | सफल निविदादाता को यह निश्चित करना होगा कि उसके द्वारा लगाये गये सभी जॉब श्रमिक विद्यालय द्वारा निर्धारित साफ बर्दी में उपस्थित होंवे। वर्दी पर जॉब श्रमिक का नाम अंकित किया जाना आवश्यक है। श्रमिकों के वर्दी में उपस्थित नही होने की स्थिति में इस कार्यालय द्वारा मासिक भुगतान में से रू. 100/– प्रतिदिन की दर से कटौती की जा सकेंगी। |
| 28. | अनुबन्ध अवधि में विद्यालय भवन के स्थाई/अस्थाई सामान की टूट–फूट श्रमिको से होती है तो उसकी वसूली सफल निविदादाता से की जावेगी। किसी सामान के गायब किये जाने की स्थिति में सामान की क्षतिपूर्ति राशि निविदादाता से वसूल की जावेगी। |
| 29. | सफल निविदादाता के द्वारा कार्य को प्रतिदिन पूर्व में ही जॉचकर जॉब श्रमिको को पर्याप्त संख्या में विद्यालय में भेजकर कार्य निर्धारित समय में सम्पन्न कराना होगा लेकिन जॉब श्रमिको की अधिक संख्या किसी भी दिन बताकर कोई अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा और ना ही एक दिन के कार्यो में जॉब श्रमिक नही भेजकर सफल निविदादाता द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जावेगा। |
| 30. | जॉब बेसिस सेवाओ हेतु कोई भी पद स्वीकृत नही है और ना ही भविष्य में कोई पद स्वीकृत होने की संभावना है। |
| 31. | विद्यालय द्वारा जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराये गये व्यक्तियों से सीधा कोई पत्र व्यवहार नही किया जावेगा। केवल सफल निविदादाता फर्म/एजेन्सी/संस्था से ही पत्र व्यवहार किया जावेगा। |
| 32. | सफल निविदादाता फर्म/एजेन्सी/संस्था प्रत्येक माह की समाप्ति के बाद जॉब बेसिस कार्यो का बिल तीन प्रतियों में विद्यालय कार्यालय को भुगतान कार्यवाही कराने के लिए प्रस्तुत करेगी। बिल कोषागार से पारित होने पर भुगतान सेवा प्रदाता एजेन्सी/फर्म के बैंक खाते में ECS द्वारा जमा होगा। |
| 33. | निविदादाता संलग्न अनेक्जर व समस्त दस्तावेजो की अपेक्षित पूर्ति कर समस्त पृष्ठों पर स्वंय के हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करेगा। |
| 34. | निविदा की दरों की वैद्यता खोले जाने की दिनांक 6 माह के लिए विधि मान्य होगी। |

**हस्ताक्षर निविदादाता मय सील**

| | |
|---|---|
| 35. | निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरे समस्त करो यथा– आयकर, विक्रीकर, सेवाकर आदि सहित दी जानी है एवं नियोजित कार्मिको के बीमा व भविष्य निधि अंशदान के भुगतान की जिम्मेदारी प्रस्तुत निविदादाता फर्म/संस्था की होगी। विभागीय आदेशानुसार देय करो की स्त्रोत पर कटौती की जा सकेगी। विभाग द्वारा निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरो के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान देय नही होगा। |
| 36. | निविदा दी गई शर्तो के अतिरिक्त निविदादाता द्वारा दी गई शर्ते स्वीकार नही की जावेगी अर्थात् सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जावेगी। |
| 37. | जॉब बेसिस कार्य व्यवस्था सुचारू नही होने की दशा में प्रतिदिन आनुपातिक रूप से राशि की कटौती की जावेगी। |
| 38. | तकनीकी निविदा का परीक्षण करने के पश्चात् ही वित्तीय निविदा दिनांक घोषित की जावेगी। |
| 39 | निविदा के समस्त आइटम एक ही यूनिट में शामिल है। अतः आंशिक धरोहर राशि स्वीकार योग्य नही होगीं। |

प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय
विद्यालय छाण तह.– वजीरपुर, जिला–सवाई माधोपुर

उपर्युक्तानुसार बिन्दु 1 से 39 तक में जॉब बेसिस सम्बन्धित सेवाओ के कार्यो का विवरण मय अनुलग्नको एवं शर्तो के मेरे द्वारा ध्यानपूर्वक पढ लिया गया है और समझ लिया गया है तथा मै इन शर्तो से पूरी तरह से सहमत हूँ तथा प्रत्येक शर्त से पाबन्द रहूंगा।

**निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर..**
पता.................................................................................................
.......................................................................................................
.......................................................................................................
मोबाईल नम्बर..................................................

राजस्थान सरकार

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

# डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

Contact No:- +919828775455,9414360648

दिनांक:– 11 / 10 / 2018

E-mail:- bragrschhanswm@gmail.com

**निविदा प्रपत्र "ख" (वित्तीय निविदा प्रपत्र) निविदा संख्या 03/2018.19**

***विषय*** :–इलेक्ट्रिशियन, मैस कर्मी (हेड कुक, कुक) सफाई कर्मी, बागवान, जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराने हेतु

1.निविदादाता फर्म का नाम व पता..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................................

2. मैं/हम तकनीकी निविदा सूचना सं0 03/2018 दिनांक 11/10/2018 में अंकित समस्त शर्तों से सहमत हुँ/हैं व मेरी/हमारी दरे निम्न है–

| क्र0 स0 (1) | सेवा का नाम (2) | श्रमिको को देय पारिश्रमिक जो कि प्रचलित न्यूनतम मजदूरी की दर से कम नहीं होगी | | | | | EPF की राशि कॉलम 7*13% (8) | ESi की राशि कॉलम 7*4.75% (9) | सेवा प्रदाता का कुल सर्विस चार्ज (10) | कुल राशि कॉलम 7+8+9+10 (11) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | श्रमिक की श्रेणी (3) | न्यूनतम मजदूरी दर (4) | संवेदक द्वारा श्रमिको को दी जाने वाली मजदूरी (5) | श्रमिको की संख्या (6) | राशि कॉलम 5X6 (7) | | | | |
| 1 | इलेक्ट्रिशियन (30दिन) | कुशल | 6990 | | 1 | | | | | |
| 2 | हेड कुक (30दिन) | अर्द्वकुशल | 6690 | | 1 | | | | | |
| 3 | कुक (30दिन) | अकुशल | 6390 | | 13 | | | | | |
| 4 | सफाई कर्मी (30दिन) | अकुशल | 6390 | | 3 | | | | | |
| 5 | बागवान (30दिन) | अकुशल | 6390 | | 2 | | | | | |

*हस्ताक्षर निविदादाता मय सील*

*प्रधानाचार्य*

*डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, सवाई माधोपुर*